ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-06-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-06-23	2021-06-24	2021-06-25	2021-06-26	2021-06-27
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	36.0	36.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	26.0	27.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	75	75	75	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	40	35	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	10.0	10.0	12.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	120	120	310	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	2	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (15 – 21 जून, 2021) में 78.2 मिमी वर्षा होने व आसमान मेआंशिक से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 25.5 से 34.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 21.9 से 25.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 84 से 96 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 54 से 95 प्रतिशत एवं हवा 2.9 से 7.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा लेकिन 26 जून को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 34.0 से 36.0 व 26.0 से 27.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। |ईआरएफएस के अनुसार, 27 जून से 3 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.3 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में अधिक नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा लेकिन 26 जून को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	बासमती तथा सुगधिंत धान की किस्मो की पौध डालें। धान की पौध मे 4-5 पत्ति आ जायें तो इनकी रोपाई करें। यह अवस्था जल्दी पकने वाली प्रजातियो मे 18 दिन बाद तथा मध्यम अवधि की प्रजातियो मे 20-25 दिन बाद पर आती है। पौधशाला मे पौध उखाड़ने से 24 घंटा पहले 4-6 सेमी0 पानी भरना चाहिए।
सोयाबीन	सोंयाबीन की बुवाई करें। बीज को राइजोबियम कल्चर एवं बायो एजेन्ट से उपचारित करने के उपरान्त ही बुवाई करें।
भिण्डी	भिण्डी की वर्षा कालीन प्रजातियों की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेम की फली	मैदानी क्षेत्रों में फ्रासबीन की बुवाई करें।
लीची	लीची के पेड़ में ब़ग का प्रकोप होने पर, मोनोक्रोटोफॉस का 1.5 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
आम	आम की मध्यम अवधि मे पकने वाली किस्मो की तुड़ाई प्रारम्भ करे। आम की तुड़ाई प्रातः अथवा सांयकाल में फलो की लगभग 8-10 मि0मी0 डंठल सहित तुड़ाई करे। तुड़ाई किये जाने वाले फलो को सीधे मिट्टी के सम्पर्क में नही आने देना चाहिए । भण्डारण से पूर्व फलो को साफ पानी से धोकर छॉव मे पूरी तरह सुखा लें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें।